# How the State Government Works

# (राज्य शासन कैसे काम करता है)

### पाठगत प्रश्न

**1. निम्न शब्दावलियों पर चर्चा कीजिएआमसभा, भारत के राज्य, निर्वाचन क्षेत्र, बहुमत, सत्तारूढ़ दल और विरोधी दल। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-32)**

**उत्तर : आमसभा-** साधारण जनता का एक सम्मेलन को आम सभा कहते हैं।

**भारत के राज्य-** भारत में 28 राज्य हैं। इन सभी राज्यों का क्षेत्रफल और जनसंख्या बराबर नहीं है।

**निर्वाचन क्षेत्र-** इसका तात्पर्य एक निश्चित क्षेत्र से है, जहाँ रहने वाले सभी मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनते हैं। उदाहरण के लिए यह कोई पंचायत का वार्ड या वह क्षेत्र हो सकता है, जो विधान सभा सदस्य चुनता है।

**बहुमत-** इसका अर्थ ऐसी स्थिति से है, जब किसी समूह के आधे से अधिक संख्या में लोग किसी निर्णय या विचार से सहमत हों। इसे साधारण बहुमत भी कहा जाता है।

**सत्तारूढ़ दल-** जिस दल की सरकार कायम रहती है उसे  सत्तारूढ़ दल कहते हैं।

**विरोधी दल-** इसका तात्पर्य उन चुने हुए प्रतिनिधियों से है, जो सत्ता पक्ष के सदस्य नहीं हैं और जिनकी भूमिका सरकारी निर्णयों और कार्यों पर प्रश्न उठाने और विधानसभा में विचार के लिए नए मुद्दे उठाने की होती है।

**2. क्या आप अपने राज्य के संदर्भ में इनके उदाहरण दे सकते हैं-बहुमत, सत्तारूढ़ दल और विरोधी दल? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-32)**

**उत्तर :** दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को बहुमत प्राप्त है और इस संदर्भ में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस पार्टी है, जिसे विधानसभा में दो तिहाई बहुमत प्राप्त है और विरोधी दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी है।

**3. कई बार सत्ताधारी दल किसी एक पार्टी का न होकर कई पार्टियों से मिलकर बनता है। इसे गठबंधन सरकार कहते हैं। अपने शिक्षक से इस विषय पर चर्चा कीजिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-33)**

**उत्तर :** जब किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता और जब कई दल न्यूनतम कार्यक्रम के तहत सबसे बड़े दल को अपना समर्थन देकर सरकार का गठन करते हैं तो इसे गठबंधन सरकार कहते हैं। एक विचारधारा वाला दल ही सबसे बड़े दल का समर्थन करते हैं। इस तरह के गठबंधन सरकार का उदाहरण राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार, एन.डी.ए. की सरकार, यू.पी.ए. की सरकार है।

**4. जो विधायक सोचते थे कि सरकार स्थिति को गंभीरता से नहीं ले रही है, वे मुख्य रूप से क्या-क्या तर्क दे रहे थे? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-36)**

**उत्तर :** हिमाचल प्रदेश के कई विधायक विधान सभा में अपनी-अपनी क्षेत्रों की समस्याओं को बतला रहे थे जिनमें से कुछ विधायक यह मान रहे थे कि सरकार इन समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है इसके लिए विभिन्न विधायकों द्वारा कई तर्क दिए गए।

**एक विधायक-** अखंडगाव के मेरे निर्वाचन क्षेत्र में पिछले तीन हफ़्तों में हैजे के कारण 15 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। मेरे विचार में सरकार के लिए यह बड़ी शर्मनाक स्थिति है। वह सरकार, जो अपने को प्रौद्योगिकी

में सर्वश्रेष्ठ घोषित कर रही है, हैजे जैसी साधारण बीमारी को रोकने में असफल रही है। मैं स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि वे स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल जरूरी कदम उठाएँ।

**दूसरा विधायक-** मेरा प्रश्न यह है कि सरकारी अस्पतालों की दशा इतनी खराब क्यों है? सरकार जिला अस्पतालों में डॉक्टरों व चिकित्सा कर्मचारियों की ठीक से नियुक्ति क्यों नहीं कर रही? मैं यह भी जानना चाहूँगा कि सरकार इस स्थिति का सामना किस प्रकार करने जा रही है जिससे लोग बड़ी संख्या में प्रभावित हैं और यह संख्या बढ़ती ही जा रही है? अब यह महामारी का रूप ले चुकी है।

**5. यदि आप स्वास्थ्य मंत्री होते, तो उपर्युक्त चर्चा का उत्तर किस प्रकार देते? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-36)**

**उत्तर** यदि हम स्वास्थ्य मंत्री होते तो हम उपर्युक्त चर्चा को सुनने के बाद विधायकों को यह बतलाते कि हमने | इस क्षेत्र में कितना काम किया है और समस्या अभी भी कायम है या समस्या उत्पन्न हो गई है, उन समस्याओं का जल्दी ही निपटारा कर लिया जाएगा तथा जिन समस्याओं में अधिकारी और कर्मचारी लापरवाही बरत रहे | हैं उनकी लापरवाही को खत्म किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर उन पर उचित कार्रवाई भी किया जाएगा।

**6. आपके विचार से क्या उपर्युक्त बहस कुछ अर्थों में उपयोगी रही? कैसे? चर्चा कीजिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-36)**

**उत्तर :** हमारे विचार से विधान सभा में होने वाली सभी बहस उपयोगी थी, क्योंकि वे बहसें जनता की समस्याओं से जुड़ी हुई थीं। विधायकगण इन समस्याओं को सरकार के मंत्रियों के सामने रख रहे थे जिससे कि सरकार के मंत्रीगण उन समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर सके।

**7. व्याख्या कीजिए कि सरकार की कार्यप्रणाली में एक सामान्य विधायक और उस विधायक में, जो मंत्री भी है, क्या अंतर है? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-36 )**

**उत्तर :** एक विधायक जो जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं। ये विधायक किसी भी दल के हो सकते हैं, लेकिन जो विधायक मंत्री भी हैं, वे सिर्फ सत्तारूढ़ दल के विधायक हो सकते हैं तथा मंत्री विधायक को किसी एक विभाग का, मंत्रालय सौंपा जाता है और उस मंत्रालय से संबंधित सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय मंत्री विधायक द्वारा लिया जाता है। विधायक के मंत्री होने के कारण उनकी सुरक्षा व्यवस्था भी विधायक से अलग होती है।

**8. हैजे को नियंत्रण में लाने के लिए सरकार द्वारा किए गए दो उपाय लिखिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-37)**

**उत्तर :** हैजे को नियंत्रण में लाने के लिए सरकार द्वारा किए गए दो उपाय

1. सरकार ने साफ़-सफ़ाई के लिए प्रबंध तथा स्वच्छ पानी पीने की व्यवस्था का आश्वासन दिया।

2. सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय जाँच समिति गठित की गई, जो सफ़ाई सुविधाओं के लिए जिले की जरूरतों के बारे में विचार करेगी और लोक निर्माण मंत्री को यह दिशा-निर्देश दिया गया कि वे क्षेत्र में पानी की उचित व्यवस्था पर ध्यान दें।।

**9. प्रेसवार्ता का क्या उद्देश्य है? प्रेस वार्ता आपको सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में किस प्रकार सहायक होती है? ( एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-37)**

**उत्तर** प्रेसवार्ता का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा जो भी नीतियाँ और कार्यक्रम लागू की जा रही है उन नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में आम लोगों को जानकारी देना। समाचार-पत्र एवं अन्य संचार के साधन लोगों के घर तक पहुँचती है, इसलिए प्रेसवार्ता द्वारा सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में काफी सहायक होती है। |

**10. अपने शिक्षक की सहायता से पता लगाइए कि उपरोक्त शासकीय विभाग क्या काम करते हैं और उन्हें तालिका में दिए गए रिक्त स्थानों में भरिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-39)**

| विभाग का नाम | उनके कार्यों के उदाहरण |
|---|---|
| स्कूल शिक्षा विभाग | |
| लोक निर्माण विभाग | |
| कृषि विभाग | |

**उत्तर :**

| विभाग का नाम | उनके कार्यों के उदाहरण |
|---|---|
| स्कूल शिक्षा विभाग | स्कूल शिक्षा विभाग प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं अन्य विद्यालयी शिक्षा के विकास पर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा इस पर निगरानी रखता है। |
| लोक निर्माण विभाग | लोक निर्माण विभाग आवासों का निर्माण, सड़कों का निर्माण एवं अन्य कई निर्माण लोक निर्माण विभाग के अर्न्तगत आता है। |
| कृषि विभाग | कृषि विभाग के अर्न्तगत कृषि का विकास एवं रासायनिक खाद की आपूर्ति से संबंधित कार्य होते हैं। |

## प्रश्न-अभ्यास

## पाठ्यपुस्तक से

**1. निर्वाचन क्षेत्र व प्रतिनिधि शब्दों का प्रयोग करते हुए स्पष्ट कीजिए कि विधायक कौन होता है और उसका चुनाव किस प्रकार होता है?**

**उत्तर :** विधानसभा के सदस्य को विधायक (एम.एल.ए.) कहा जाता है। प्रत्येक विधायक के लिए एक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र होता है, जहाँ से विधायक जनता के प्रतिनिधि के रूप में चुनकर आते हैं।

**विधायकों का चुनाव|**

1. प्रत्येक विधायक के लिए एक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र होता है, जहाँ से विधायक जनता के प्रतिनिधि के रूप में चुनकर आते हैं।
2. प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के वयस्क नागरिक अपने गुप्त एवं सार्वभौमिक मताधिकार द्वारा एक विधानसभा के प्रतिनिधि का चुनाव कर ते हैं।

**2. कुछ विधायक मंत्री कैसे बनते हैं? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** कुछ विधायक को मंत्री, मुख्यमंत्री द्वारा बनाया जाता है। मुख्यमंत्री दल के कुछ विधायकों को मंत्री पद के लिए राज्यपाल से सिफारिश करता है और राज्यपाल विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाता है। इन मंत्रियों के विभागों का बँटवारा मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है; जैसे—वित्तमंत्री, गृहमंत्री, लोकनिर्माण मंत्री, शिक्षा मंत्री आदि।

**3. मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर विधानसभा में बहस क्यों होनी चाहिए?**

**उत्तर :** मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर बहस आवश्यक है, क्योंकि मुख्यमंत्री, मंत्री तथा विधायक सामूहिक रूप से जनता के प्रति उत्तरदायी होते हैं। इसलिए उन्हें कोई भी निर्णय जनता के अनुकूल या उनके हित में लेना चाहिए। यह आवश्यक नहीं है कि मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा लिए गए निर्णय समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी हों। विधानसभा में होने वाली बहस के द्वारा ही मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों के अधिकारों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाना संभव है। बहस के फलस्वरूप आए नवीन विचारों को अंतिम निर्णय में जोड़ा जा सकता है अथवा अनुपयुक्त तथ्यों को हटाया जा सकता है।

**4. पातालपुरम में क्या समस्या थी? निम्नलिखित के द्वारा इस विषय में क्या चर्चा या कार्य किए गए? निम्न तालिका में भरिए**

| | |
|---|---|
| **आमसभा** | |
| **विधानसभा** | |
| **प्रेसवार्ता** | |
| **मुख्यमंत्री** | |

**उत्तर :** पातालपुरम की समस्याएँ

1. पानी की कमी के कारण लोगों को तीन दिन में एक बार पानी की सप्लाई दी जाती थी।
2. लोग मजबूरीवश गंदा पानी पीने के लिए मजबूर थे, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में हैजे का प्रकोप फैल गया था।

3. दस लोगों की मृत्यु हो चुकी थी तथा जिला चिकित्सालय मरीजों से भरा हुआ था।
**इस विषय में निम्न विभागों द्वारा किए गए कार्य**

| | |
|---|---|
| **आमसभा** | रैली या आमसभा के कारण सड़क बंद था और रैली वालों ने विधायक के घर का घेराव कर लिया था। |
| **विधानसभा** | विधान सभा में पानी की कम आपूर्ति, सरकारी अस्पतालों की दशा, बीमारी को रोकने में सरकार की असफलता, जिला अस्पतालों में चिकित्सा कर्मचारियों व डॉक्टरों की कमी तथा ओ.आर.एस. के पैकेटों के वितरण आदि विषयों पर चर्चा की गई। |
| **प्रेसवार्ता** | स्वास्थ्य मंत्री ने सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। |
| **मुख्यमंत्री** | मुख्यमंत्री ने उन परिवारों से भेंट की जिनके रिश्तेदारों की मृत्यु हो गई थी। वे अस्वस्थ लोगों को देखने अस्पताल गए। पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजा राशि की घोषणा, सफ़ाई तथा पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय जाँच समिति के गठन का आश्वासन। |

**5. विधानसभा सदस्य द्वारा विधायिका में किए गए कार्यों और शासकीय विभागों द्वारा किए गए कार्यों के बीच क्या अंतर है?**

**उत्तर :** विधानसभा के सदस्य विधायिका में कानूनों का निर्माण करते हैं तथा स्थानीय समस्याओं को विधायिका में

रखते हैं। सरकार द्वारा कई महत्त्वपूर्ण निर्णयों को विधायिका में घोषणा की जाती है। विरोधी दल के विधानसभा के सदस्यों द्वारा सरकार की गलत नीतियों का सदन में विरोध किया जाता है।

शासकीय विभाग द्वारा सरकार के निर्णयों और कानूनों को संचालित किया जाता है।